>

Title: Need to accord priority for conversion of metre gauge railway line to broad gauge line in Saurashtra region of Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, मेरे गृह राज्य गुजरात के सौराष्ट्र में रेलवे के विकास कार्य एवं सुविधा की बहुत उपेक्षा हो रही है जिसके कारण सौराष्ट्र में अधिकतर मीटर गेज लाइन हैं और मीटर गेज लाइन होने के कारण सौराष्ट्र के लोगों को भारत के अन्य भागों में सीधी रेल सेवा नहीं मिल पा रही है। सौराष्ट्र का अधिकांश हिस्सा समुद्री तट पर है जहां पर विदेशों से आयात एवं निर्यात किया जा सकता है, परन्तु रेलवे की सौराष्ट्र से अन्य भागों के लिए मालगाड़ियों के अभाव में इन समुद्री तट का प्रयोग सर्वोत्तम ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। रेलवे की सुविधा के अभाव में सौराष्ट्र के अन्दरगाहों का विकास नहीं हो पा रहा है और न ही समुद्रीय उत्पादों का विकास हो रहा है जिसकी सौराष्ट्र में काफी संभावना हे। मेरे संसदीय क्षेत्र में एक काम केवल ढांसा से जेतलसर के बीच मीटर गैज लाइन को ब्रॉड गेज लाइन मंजूर हुआ है, परन्तु उस पर काम धीमी गति से चल रहा है जिसके कारण इस रास्ते में आने जाने के मार्गो में अवरूद्ध पैदा हो रहा है और लोगों को असुविधा हो रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि सौराष्ट्र में मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज लाइन बदलने में प्राथमिकता दी जाये।

* Treated as lad on the Table of the House